FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य दिनाँक 26-03-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 194/25 में वांछित अभियुक्तगण जीशान अली को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध असलहा, 02 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस बरामद।
- घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।

आज दिनांक 26-03-2025 को वादी श्री अजय कुमार पुत्र तोडीराम निवासी दिखतौली ने थाना शिकोहाबाद पर तहरीर दी कि अभियुक्त जीशान अली पुत्र फरमान अली, वादी की पुत्री के साथ कॉलेज आते-जाते समय छेड़ाछाड़ एवं अशोभनीय टिप्पणी करता है जिसकी शिकायत करने पर अभियुक्त जीशान उपरोक्त ने वादी की पुत्री की कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 194/25 धारा 74, 126(2), 351(2) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

मु0अ0सं0 194/25 में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था इसी क्रम में थाना प्रभारी शिकोहाबाद को मुखबिर खास से सूचना मिली कि थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 194/25 में वांछित अभियुक्त जीशान अली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में दिखतौली नहर पुल के पास घूम रहा है। सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम दिखतौली नहर पुल के पास पहुँचकर चैकिंग कि जा रही थी तभी सामने से एक संदिग्ध युवक पुलिस टीम को आता हुआ दिखाई दिया जिसको रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर उपरोक्त संदिग्ध युवक भागने लगा जिसकी पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गयी। संदिग्ध युवक द्वारा खुद को घिरता हुआ देख कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी जिसे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की पहचान जीशान अली पुत्र फरमान अली निवासी दिखतौली थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद के रूप में हुई है। अभियुक्त जीशान उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध असलहा, 01 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. जीशान अली पुत्र फरमान अली निवासी दिखतौली थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1. 01 अदद तमंचा 315 बोर।
2. 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 चमन कुमार शर्मा थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 विजय गोस्वामी थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 नवीन कुमार थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 राजकुमार थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
6. का0 271 गोविन्द सिंह थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
7. का0 1410 नीरज कुमार थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
8. का0 1469 कौशल पाल थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
9. का0 1541 गौरव तोमर थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।